# कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के द्वारा जनवरी २०२४ माह में किये गए महत्वपूर्ण / उल्लेखनीय कार्य

## I. चयन और नियुक्तियों का सारांश

i पीईएसबी, डीओपीटी द्वारा 08 (आठ) पदों [सीएमडी के पद के लिए 01 (एक) और निदेशकों के पद के लिए 07 (सात)] के लिए विज्ञापन जारी किए गए थे।

ii 06 (छह) चयन बैठकें [सीएमडी/एमडी के लिए 03 (तीन) और निदेशकों के लिए 03 (तीन)] आयोजित की गईं।

iii मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने विभिन्न अनुसूची 'क' और 'ख' सीपीएसई/रेलवे बोर्ड/आरबीआई में 21 मामलों (अर्थात सीएमडी/एमडी/सीईओ/कार्यात्मक निदेशक/सदस्य/उप गवर्नर/महाप्रबंधक/महानिदेशक) में नियुक्तियों को मंजूरी दी। वर्तमान में, केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के विभिन्न अनुसूची 'क' और 'ख' उद्यमों में मुख्य प्रबंध निदेशक/प्रबंध निदेशक(एमडी)/अध्यक्ष/सदस्यों के 29 पद तथा कार्यात्मक निदेशकों के 56 पद रिक्त हैं।

iv विभिन्न अधिकरणों/सांविधिक निकायों/प्राधिकरणों/आयोगों में 18 अध्यक्षों/सदस्यों की नियुक्तियों और स्वायत्तशासी निकायों/संस्थानों में मुख्य कार्यपालकों/निदेशकों की 02 नियुक्तियों को एसीसी द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है।

v केंद्रीय स्टाफिंग स्कीम के अंतर्गत, अपर सचिव के 17 पद और संयुक्त सचिव का 01 पद भरा गया है। वर्तमान में, केंद्रीय स्टाफिंग स्कीम के अंतर्गत, अपर सचिव के 10 पद, संयुक्त सचिव के 40 पद और उप सचिव/निदेशक स्तर पर 98 पद रिक्त हैं।

vi मंत्रिमंडल सचिव/एसीसी ने निम्नलिखित प्रस्तावों (डीएस/निदेशक स्तर) को मंजूरी दी

| विवरण | पदों की संख्या |
|---|---|
| पीएस/ओएसडी के रूप में नियुक्ति | 01 |
| विस्तार | 05 |
| समय पूर्व प्रत्यावर्तन | 05 |
| पुनः तैनाती | 17 |

vii 01 सीवीओ के समयपूर्व प्रत्यावर्तन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

## II. स्थापना संबंधी मामले

(क). सीएसएस के 08 अधिकारियों को संयुक्त सचिव (स्वस्थाने) की चयन सूची में शामिल किया गया था और सीएसएस के 15 अधिकारियों को निदेशक की चयन सूची (एसएल)-2023 में शामिल किया गया था।

(ख). **657 सीधी भर्ती- सहायक अनुभाग अधिकारियों** (डीआर-एएसओ) को नियुक्ति पत्र जारी किए गए, जिन्होंने सीएसएस में सहायक अनुभाग अधिकारियों के पद के लिए दस्तावेज़ सत्यापन चरण को सफलतापूर्वक पूरा किया।

(ग). दिनांक 12/01/2024 के कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से एलटीसी का लाभ उठाते समय तेजस ट्रेनों द्वारा यात्रा की स्वीकार्यता पर स्पष्टीकरण जारी किया गया था।

(घ). उचित प्रक्रिया का पालन करने के पश्चात, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन एक संगठन **"भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (सीईआरटी-इन)"**को दिनांक 23.11.2023 की अधिसूचना के माध्यम से सूचना का अधिकार अधिनियम की दूसरी अनुसूची में रखा गया है, जिसे आगे 13 और 14 दिसंबर, 2023 को क्रमशः लोकसभा और राज्यसभा के पटल पर रखा गया था।

(ङ). श्री शील वर्धन सिंह, आईपीएस (बीएच: 1986) (सेवानिवृत्त) की 15 जनवरी, 2024 के पूर्वाह्न से छह साल की अवधि के लिए या उनकी 65 वर्ष की आयु प्राप्त होने तक, जो भी पहले हो, **संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य** के रूप में नियुक्ति के संबंध में दिनांक 18.01.2024 को एक अधिसूचना जारी की गई थी।

**(च) कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने माह के दौरान निम्नलिखित परिणाम घोषित किए-**

i कनिष्ठ अभियंता (सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल) परीक्षा, 2023 का अंतिम परिणाम, 5 जनवरी, 2024 को घोषित किया गया था जिसमें 1374 अभ्यर्थियों की सिफारिश की गई थी।

ii वरिष्ठ सचिवालय सहायक/प्रवर श्रेणी लिपिक ग्रेड सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2017 का परिणाम दिनांक 8 जनवरी, 2024 को घोषित किया गया था। 17 अभ्यर्थियों की एपीएआर मूल्यांकन के लिए मंगवाई गई थी।

iii कनिष्ठ सचिवालय सहायक (जेएसए)/अवर श्रेणी लिपिक (एलडीसी) ग्रेड सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2018 का अंतिम परिणाम दिनांक 9 जनवरी को घोषित किया गया था। कुल 86 अभ्यर्थियों की सिफारिश की गई थी।

iv दिल्ली पुलिस परीक्षा, 2023 में पुरुष और महिला कांस्टेबल (कार्यकारी) का अंतिम परिणाम दिनांक 24/01/2024 को घोषित किया गया था। कुल 6976 अभ्यर्थियों की सिफारिश की गई है.

v ग्रेड 'सी आशुलिपिक सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2017 का अंतिम परिणाम दिनांक 25.01.2024 को घोषित किया गया था। कुल 30 अभ्यर्थियों की संस्तुति की गई है।

## III. सतर्कता और अन्य संबंधित मामले

i अंतर-संवर्गीय प्रतिनयुक्ति, स्थानांतरण, परिवीक्षा, भारत से बाहर-अध्ययन छुट्टी आदि जैसे विभिन्न उद्देश्यों के लिए 13 (तेरह) आईएएस अधिकारियों की सतर्कता-निकासी जारी की गई।

ii लोक सभा सचिवालय से 01 (एक) विशेषाधिकार नोटिस प्राप्त हुआ और 01(एक) का निपटान किया गया।

iii आईएएस के विरूद्ध अभियोजन की मंजूरी से संबंधित कुल 11 मामले, 3 माह से अधिक समय से लंबित थे।

## IV. प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण

आईगॉट प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराए गए ऑनलाइन पाठ्यक्रमों पर पाठ्यक्रम करने के लिए कार्यालय से अनुमति लेने संबंधी अनुदेशों के लागू नहीं होने के संबंध में कार्मिक और प्रशिक्षण प्रभाग के दिनांक 15.01.2024 के का.ज्ञा.सं. टी-19011/1/2024-एनटीपी के तहत एक स्पष्टीकरण जारी किया गया था।

**(क) सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान (आईएसटीएम)**

सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान (आईएसटीएम) ने 11 ऑनलाइन/ऑफलाइन कैलेंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम, 02 गैर-कैलेंडर प्रशिक्षण कार्यक्रम और 13 सीएसएस/सीएसएसएस संवर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में कुल 803 अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

**(ख) कर्मयोगी भारत**

i. आईगॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म ने जनवरी, 2024 माह में प्लेटफॉर्म पर 1,27,102 नए प्रयोक्ताओं के जुड़ने से कुल 30 लाख जुड़े हुए प्रयोक्ताओं की महत्वपूर्ण उपलब्धि को पार किया।

ii. 31 जनवरी, 2024 की स्थिति के अनुसार, आईगॉट प्लेटफॉर्म पर 885 पाठ्यक्रम प्रकाशित किए जा चुके हैं तथा आईगॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म ने जनवरी, 2024 माह तक 68 लाख पाठ्यक्रम नामांकन और 48.7 लाख पाठ्यक्रम समापन दर्ज किए। अब आईगॉट ने 31 जनवरी, 2024 तक की स्थिति के अनुसार, कुल 46.3 करोड़ मिनिटों के अधिगम को रिकॉर्ड किया है।

iii. कर्मयोगी भारत ने 3 जनवरी 2024 को रेल मंत्रालय के सहयोग से आईगॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर अपना पहला संयुक्त कार्यक्रम शुरू किया। इस कार्यक्रम के तहत 'रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा (आरबीएसएस) और रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा (आरबीएसएसएस) के लिए एक क्यूरेटेड कार्यक्रम' के संबंध में 'वैयक्तिक' प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिए भी शिक्षार्थी आईगॉट कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते हैं।

iv. कर्मयोगी भारत की देखरेख में, ईएचआरएमएस 2.0 का जनवरी 2024 के महीने में भविष्य पोर्टल के साथ एकीकरण शुरू किया है।

**(ग) क्षमता निर्माण आयोग (सीबीसी)**

i. क्षमता निर्माण आयोग (सीबीसी) ने वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) और क्षमता निर्माण आयोग (सीबीसी) के सहयोग से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई मंत्रालय) के क्षमता निर्माण पर दिनांक 17 जनवरी, 2024 को एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में आरबीआई, सिडबी, एमएसएमई मंत्रालय के पदाधिकारियों के साथ-साथ व्यापक एमएसएमई पारिस्थितिकी तंत्र, उद्योग संघों, सरकारी नियामक निकायों और बैंकिंग क्षेत्र के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई।

ii. **युवा वैज्ञानिक प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ:**

- इसके अलावा, भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए कार्यालय) के कार्यालय के सहयोग से, सीबीसी ने 29 जनवरी, 2024 को भारतीय प्रबंधन संस्थान, विशाखापट्टनम (आईआईएम-V) में युवा वैज्ञानिक प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया।
- कर्मयोगी वार्ता: सीबीसी ने 18.01.2024 को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के विभिन्न मंत्रालयों के वरिष्ठ वैज्ञानिकों और लोक सेवकों के लिए कर्मयोगी वार्ता के एक सत्र की मेजबानी की, जिसमें डॉ. रचिद याज़मी, प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और लिथियम-ऑयन बैटरी प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक अग्रणी शोधकर्ता मुख्य अतिथि थे।
- 18.01.2024 को, सीबीसी ने मिशन कर्मयोगी के भाग के रूप में, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के सहयोग से सर्वेक्षण डिजाइन पर अपना चौथा व्याख्यान भी आयोजित किया। यह व्याख्यान डॉ. लारा एल क्लीवलैंड और डॉ. सुला सरकार द्वारा डेटा हार्मोनाइजेशन पर केंद्रित था, जो प्रश्नावली के अनुवाद, गुणवत्ता नियंत्रण और गैर-प्रतिक्रिया से संबंधित पूर्ववर्ती सत्रों का पूरक था।

- डॉ. ब्रैडी वेस्ट द्वारा एक अन्य कार्यशाला, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के सहयोग से भारतीय सांख्यिकी सेवा के अधिकारियों के लिए आयोजित की गई थी, जो सर्वेक्षण गुणवत्ता को बढ़ाने पर केन्द्रित थी।

**iii.** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की **वार्षिक क्षमता संवर्धन योजना (एसीबीपी)** 02.01.2024 को शुरू की गई थी। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय (एमओएमएसएमई) की वार्षिक क्षमता संवर्धन योजना 17.01.2024 को शुरू की गई थी।

**iv**. **प्रशिक्षण संस्थान का ऑनसाइट मूल्यांकन और मान्यता:**

i 15 सिविल सेवा प्रशिक्षण संस्थाएं (सीएसटीआई), वर्ष 2024 के जनवरी माह में प्रत्यार्पित की गई।

ii 4 सीएसटीआई अर्थात भारतीय राजमार्ग अभियंता अकादमी, भारतीय प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण प्रशिक्षण संस्थान तथा राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली प्रशिक्षण संस्थानों के लिए गुणवत्ता सुधार योजना (क्यूआईपी) शुरू की गई है।